PROF. M.V. RAJEEV GOWDA: Ecosystem damage, economic cause, buffer zone efforts — none of them have been replied. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: They are all so general. ...*(Interruptions)*... That is all general. ...*(Interruptions)*...

PROF. M.V. RAJEEV GOWDA: Why is the Government ignoring these questions? Let the Minister reply. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no; sit down. ...*(Interruptions)*... See, the Minister cannot reply to everything under the sun. ...*(Interruptions)*...

SHRI TAPAN KUMAR SEN: He evaded your question. ...*(Interruptions)*... He has not replied to your question. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Tapanji, I heard it. ...*(Interruptions)*... I heard it. So, I directed the Government. ...*(Interruptions)*... I told the Government to examine that question as to what can be done about it. ...*(Interruptions)*...

SHRI TAPAN KUMAR SEN: He has evaded that question. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have already given a direction to the Government to look into this issue of 'low-reported catch'. Even though the catch is high, the 'reported catch' is much low. I want the Government to examine it and I have said it already. *Mantriji,* the question is about the low-reported catch. Catch बहुत है, लेकिन 'reported catch' बहुत कम है। इसके बारे में थोड़ी inquiry करनी है, कुछ काम करने हैं। Okay. ...*(Interruptions)*... Now, let us take up the Right of Children to Free and Compulsory Education (Amendment) Bill, 2017. Shri Prakash Javadekar.

GOVERNMENT BILLS - *Contd.*

The Right of Children to Free and Compulsory Education (Amendment) Bill, 2017

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI PRAKASH JAVADEKAR): Sir, I move:

That the Bill further to amend the Right of Children to Free and Compulsory Education, Act, 2009, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

सर, 'सर्व शिक्षा अभियान' और 'राइट टू एजुकेशन' के कारण आज सभी जगह शिक्षा का विस्तार हुआ, लेकिन उस विस्तार में शिक्षकों को जो प्रशिक्षण मिलना चाहिए था, वह नहीं मिल पाया

[Shri Prakash Javadekar]

है। पहली से आठवीं तक के बच्चों को पढ़ाने के लिए D.El.Ed. प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक चाहिए और अपर प्राइमरी में B.Ed. प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक चाहिए, इस तरह के प्रशिक्षित शिक्षक चाहिए थे, लेकिन वैसे शिक्षक नहीं आ पाए, इसलिए राज्य सरकारें अनट्रेंड टीचर्स लेती गईं। अनट्रेंड टीचर्स लेने की परमिशन भी दी गई और 2015 तक उन सभी अनट्रेंड टीचर्स को ट्रेंड करने के लिए कहा गया था। वे qualification अर्जित करें, D.El.Ed या B.El.Ed., जो भी उन्हें करना है, उसे करने के लिए 2015 तक की मोहलत दी थी। आज की स्थिति यह है कि उनमें से 3 लाख टीचर्स की ट्रेनिंग हो गयी, 1.5 लाख टीचर्स की एक साल की ट्रेनिंग हो गई और एक साल की ट्रेनिंग बची है। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें पहले प्राइवेट स्कूल्स का उल्लेख ही नहीं था। जब हमने प्राइवेट स्कूल्स के बारे में जानकारी ली, तो पता चला कि आज इन स्कूल्स में 7 लाख अप्रशिक्षित, unqualified टीचर्स काम कर रहे हैं। इस प्रकार से प्राइवेट स्कूलों के 7 लाख टीचर्स, 1.5 लाख ऐसे टीचर्स, जिनकी एक साल की ट्रेनिंग बाकी है और सरकारी स्ट्रीम में लगभग 2.5 लाख अनट्रेंड हैं, इन सबको मिलाकर आज 11 लाख टीचर्स D.El.Ed. या B.El.Ed. नहीं हैं। ऐसे में अवसर बंद करने से कैसे चलेगा? इतने लोगों को नौकरी से निकाल भी नहीं सकते, लेकिन छात्रों पर भी अन्याय नहीं कर सकते कि उनको अप्रशिक्षित शिक्षकों के हाथों से शिक्षा मिले, इसलिए उनको D.El.Ed. या B.El.Ed. करने के लिए दो साल की अवधि देने के लिए यह बिल लाया गया है। यह एक बहुत बड़ी सुविधा है। अब यह सवाल है कि यह दो सालों में कैसे होगा? यह इसलिए होगा कि टेक्नोलॉजी ने एक नया अवसर पैदा किया है, जो हमने 'SWAYAM' प्लेटफार्म लाँच किया है, इस पर D.El.Ed. या B.El.Ed. के कोर्सेज़ इस अक्टूबर से ही प्रारंभ होंगे। यह 2 अक्टूबर, यानी महात्मा गांधी जयंती दिवस पर शुरू होगा। इसके लिए इन 11 लाख टीचर्स का रजिस्ट्रेशन 15 अगस्त से 15 सितंबर के बीच पूरा हो जाएगा। पहले ये रजिस्टर करेंगे, रजिस्टर करने के बाद इन सभी को फ्री एजुकेशन मिलेगी। इनको कहीं भी कॉलेज ढूंढने के लिए नहीं जाना है। यह 'SWAYAM' क्या है? 'SWAYAM' में ऑनलाइन ट्रेनिंग की सुविधा है और ऑफलाइन ट्रेनिंग की भी सुविधा है। इसके तहत अच्छे प्राध्यापक लेक्चर्स देंगे, उसका material होगा, उसका tutorial होगा, उसका mid-discussion forum होगा, कुछ भी आंशका होगी, तो उसको वे पूछेंगे, उसका जवाब मिलेगा। उसके बाद परीक्षा होगी और सर्टिफिकेट मिलेगा।

जिनके पास ऑनलाइन की सुविधा है, वे अपने कम्प्यूटर पर इसको कर सकते हैं, लेकिन जिनके पास ऑनलाइन की सुविधा नहीं है या ग्रामीण इलाके में, जहां ऑनलाइन की सुविधा नहीं है, वे क्या करेंगे? ऐसे लोग टीवी के माध्यम से इसको कर सकते हैं। इसके लिए टीवी पर जो कार्यक्रम दिखेगा, उसका नाम 'SWAYAM Prabha' है। 'SWAYAM Prabha' के तहत 32 एजुकेशनल चैनल्स हैं। दूरदर्शन के साथ हमारा टाइअप हो गया, एमओयू हो गया और आज 32 चैनल्स शुरू हो गए। यह लगभग हर भाषा में है, क्योंकि जो भी अप्रशिक्षित हैं, उनका जो प्रशिक्षण होगा, वह सभी भाषाओं में होगा। जो regional language में पढ़ाने वाले टीचर्स हैं, उनको regional language में ही प्रशिक्षण देना पड़ेगा। यह कार्यक्रम टीवी पर दिखेगा, लेकिन इसके लिए फ्री डिश लगानी पड़ेगी, जो दूरदर्शन की होती है। इस डिश का सेट-अप बॉक्स इनको लेना पड़ेगा और इसमें 1,300 रुपए का खर्चा है। लेकिन अगर एक बार 1,300 रुपए खर्च किये तो उस पर जो कंटेंट आएगा, वह रोज दो-तीन बार दिखेगा। मान लीजिए कि कोई हिन्दी का अध्यापक है, यानी हिन्दी में पढ़ने वाला है या हिन्दी में परीक्षा देने

वाला है, तो D.El.Ed. और B.El.Ed. का हिन्दी चैनल अलग होगा और यह दिन में दो-तीन बार रोज आएगा। टीवी के माध्यम से वे अपने घर में अपनी सहूलियत के हिसाब से उस पाठ को देखेंगे, पढ़ेंगे। उनको materials, किताबें अलग से मिलेंगी। ये जो materials, किताबें मिलेंगी, उनके आधार पर वे स्वयं अध्ययन करेंगे, क्योंकि वे स्वयं पढ़ा ही रहे हैं, इसलिए उनको लेसन लेने के लिए कहीं जाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि उनका practical aspect चल ही रहा है। उसी को मद्देनजर रखते हुए, यह theoritical अध्ययन अब online भी मिलेगा, offline T.V. पर भी मिलेगा और इससे दो साल में 11 लाख अप्रशिक्षित शिक्षक पूरी तरह से शिक्षित हो जाएंगे, qualified हो जाएंगे। इससे देश में शिक्षा का स्तर भी बढ़ेगा, टीचर्स का स्तर भी बढ़ेगा और आज, उनके मन में अब तक जो शंका थी कि कहीं हमारी नौकरी तो नहीं चली जाएगी, वह शंका भी दूर होगी। अब उनकी नौकरी तो नहीं जाएगी, लेकिन उन्हें पढ़ना पड़ेगा। इसी उद्देश्य से यह बिल सदन के सामने लाया गया है। मुझे लगता है कि सभी दलों की तरफ से इसे यहां समर्थन मिलेगा और जैसे लोक सभा में यह सर्व-सम्मति से पास हुआ, वैसे ही यहां भी पारित होगा। इतना ही कहते हुए, मैं इस बिल को चर्चा के लिए प्रस्तुत करता हूं।

The question was proposed.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri K. Rahman Khan; not present. Shri Shamsher Singh Dullo.

श्री शमशेर सिंह दुलो (पंजाब): माननीय उपसभापति जी, सबसे पहले मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे इस बिल पर बोलने का मौका दिया।

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA) *in the Chair*]

यह बिल - Elementary Schools में Right of Children to Free and Compulsory Education देने के उद्देश्य से लाया गया है, ताकि हिन्दुस्तान में सभी बच्चों को free education दी जा सके। Education के साथ ही उनका development हो सकता है, और जो बच्चे बेसहारा हैं, under-privileged हैं, पूरे देश में उन सभी बच्चों को अब compulsory education मिलेगी। उन्हें पढ़ाने के लिए कई राज्यों में जो teachers रखे गए थे, उनमें कई qualified नहीं थे। उन सबको special training देने का जो प्रावधान इस बिल में किया गया है, मैं उससे सहमत हूं। यह प्रावधान सबके हित में है।

हिन्दुस्तान के कृषि-प्रधान देश होने के कारण, हमारे गांवों में ज्यादा आबादी निवास करती है, भारत में लगभग 80 परसेंट लोग गांवों में रहते हैं, लेकिन हम देखते हैं कि गांवों के स्कूलों और शहरों के स्कूलों में दी जाने वाली शिक्षा में जो disparity है, वह बहुत ज्यादा है। इस बिल के माध्यम से unqualified teachers को trained करने के लिए प्रावधान किया गया है। हम यह भी जानते हैं कि 2002 में Education को भारत के संविधान के Preamble में शामिल किया गया था। उसमें standard of education का जिक्र भी किया गया। उसके बाद 2015 में, उसमें एक amendment हुआ। इस amendment के बाद, शिक्षा के क्षेत्र में जो disparity पूरे देश में है, उसे दूर करने की कोशिश हुई। मैं समझता हूं कि आज हमें quality education की आवश्यकता है। यह ठीक है कि इसके

[श्री शमशेर सिंह ढुलो]

implementation में काफी short-comings हैं, लेकिन पिछले कुछ सालों में achievements भी काफी हुए हैं, education को compulsory भी किया गया है। इसके साथ-साथ, implementation में quality education का जहां तक संबंध है, उसमें भी बहुत short-comings हैं। हमारे Constitution के जो founding fathers थे, उन्होंने equal opportunity की बात कही है। Constitution में भी Equality in Education का प्रावधान है। इसी कारण हमारे संविधान में 86वां संशोधन हुआ। उसमें Right of Children to Free and Compulsory Education की व्यवस्था की गई। इसी तरह, वर्ष 2009 में एक ऐक्ट पास हुआ है, जिसमें लेजिस्लेशन किया गया। उसमें ऐश्योर किया गया कि जो एनरॉलमेंट हों, वे पूरी होनी चाहिए, पर मैं समझता हूं कि सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों में डिस्पैरिटी है, एक गैप है। जो गैर-सरकारी स्कूल्स हैं, वे बिजनेस सेंटर्स बने हुए हैं। हम लोग भी सरकारी स्कूलों को पढ़कर निकले हैं। मैं खुद एक प्राइमरी स्कूल में से पढ़कर आया हूं, जो कि एक गवर्नमेंट स्कूल था। लेकिन अब उन स्कूलों का स्टैंडर्ड पहले जैसा नहीं है। आप कम्पलसरी एजुकेशन, फ्री एजुकेशन की बात करते हैं, लेकिन मैं समझता हूं कि कम से कम मापदंड एक होना चाहिए, लेकिन अमीर और गरीब, शहरी और ग्रामीण के बीच में एक बहुत बड़ा गैप है। स्कूल्स खुलते गए हैं, पर वहाँ टीचर्स नहीं हैं। आप गाँव में जाकर देखिए, वहाँ एक टीचर होता है और 500 बच्चे होते हैं। वहाँ उनकी बिल्डिंग्स भी कम्प्लीट नहीं होती। उनमें कही दरवाजे नहीं हैं, कहीं खिड़कियाँ नहीं हैं या कहीं डेस्क और कुछ नहीं हैं। भारत गाँवों में बसता है। गाँधी जी ने भी यही कहा था - "मेरे देश के ज्यादा लोग गाँवों में बसते हैं, वहीं रहते हैं।" अब आप एजुकेशन का स्टैंडर्ड देख लीजिए। जहाँ से हम लोग पढ़कर आए हैं, मेरे जैसे यहाँ बहुत से मेम्बर साहिबान प्राइमरी स्कूलों, गवर्नमेंट स्कूलों में से पढ़कर, विद्या लेकर आए हैं, लेकिन अब लोगों का विश्वास सरकारी स्कूलों पर से उठता जा रहा है। Even एक रिक्शा चलाने वाला भी चाहता है कि मेरा बच्चा इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ने के लिए जाए। इस तरह का वातावरण अभी पैदा हो गया है। अगर इस तरह से लोगों का विश्वास सरकारी स्कूलों पर नहीं होगा, वहाँ वे अपने बच्चे नहीं पढ़ाना चाहते, तो यह एक कमी है। यह सोशल मीडिया की कमी है, हमारे इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी है, क्योंकि उनमें विश्वास पैदा करना है। जैसा कि कहा गया, वहाँ unqualified teachers रखे जाते हैं। जब वहाँ unqualified teachers रखे जाएँगे, तो फिर इस देश की तरक्की कैसे होगी? जिसको हम future of nation कहते हैं, जिस अध्यापक को हम नेशन बिल्डर कहते हैं, जब वे नेशन बिल्डिंग का काम नहीं करेंगे, तो इस तरफ सरकार को ध्यान देने की जरूरत है। डा. अब्दुल कलाम जैसे बड़े लोग, जिनको "मिसाइलमैन" कहा गया और जो हमारे राष्ट्रपति भी रहे हैं, वे सरकारी स्कूलों में से पढ़कर आए थे। हमारे बहुत से साइंटिस्ट्स, जज और हाई पोस्ट्स पर रहने वाले लोग हैं, जो सरकारी स्कूलों से पढ़कर आए हैं, क्योंकि पहले टीचर्स का एक मिशन था। जो मिशनरी टीचर होता है, वह बच्चों को भी उसी तरह की विद्या देता है, पर अब क्या हो रहा है? वे बिजनेस सेंटर्स बन गए हैं। उनके लिए सरकारी फंड भी है, सर्व-शिक्षा अभियान है, मिड-डे मील भी दिया जाता है, लेकिन वहाँ सिर्फ हाजिरी लगती है। उसको मॉनिटर करने के लिए टीचर्स पर एकाउंटेबिलिटी फिक्स होनी चाहिए। आज कॉम्पिटीशन का जमाना है। आपको पता है कि इन्होंने पिछली दफा कहा था कि ये पाँचवीं और आठवीं कक्षा में एग्जाम्स कराएँगे, यह अच्छी बात है। जब हम पढ़ते थे, तब हम फट्टी पर लिखते थे और सुलेख के भी नम्बर मिलते थे। उस समय ये सारी बातें कॉम्पिटीशन लाती थीं। मेरा यह सज़ेशन है कि अगर अच्छी लॉट

पैदा करनी है, तो कॉम्पिटीशन पहली, दूसरी, तीसरी और चौथी जमातों में भी होना चाहिए। लेकिन, यह पता है कि टीचर भी यह सोचकर नहीं पढ़ाता है कि पाँचवीं तक तो फेल ही नहीं करना है, लेकिन जब बच्चा छठी कक्षा में जाता है, तब उसको ABC भी नहीं आती, उसको गिनती नहीं आती। इसलिए एजुकेशन में टीचर का रोल भी बहुत महत्वपूर्ण है। हम उसको नेशन बिल्डर कहते हैं, लेकिन अब यह बिज़नेस बनता जा रहा है। हम प्राइवेट स्कूलों को फैसिलिटीज़ भी दे रहे हैं। हम उनको बिल्डिंग बनाने के लिए जगह भी देते हैं और उनकी मॉनिटरिंग और फंडिंग भी करते हैं, पर क्या किसी ने कभी चेक किया है कि जिन कंडीशंस पर उन स्कूलों को हम सुविधाएँ देते हैं, उनके अनुसार क्या वे इकनॉमिकली वीकर सेक्शंस के बच्चों को अपने स्कूलों में दाखिला देते हैं, क्या वे शेड्यूल्ड कास्ट्स के बच्चों को अपने यहाँ दाखिला देते हैं या उनके लिए कुछ करते हैं? कोई रिजल्ट नहीं है। जावडेकर साहब अच्छा बिल लाए हैं। हिन्दुस्तान में जो फिगर्स दी जाती हैं, कहते हैं कि यह तो सरकारी फिगर्स होती हैं। हम गांव से बिलाँग करते हैं। हमें पता है कि जो बच्चे पढ़ने जाते हैं, उनमें से काफी बच्चे तो खाना खाकर स्कूल से घर पर आ जाते हैं। गांवों में ड्रॉपआउट कितना है, कभी यह भी चैक करना चाहिए कि स्कूलों में कितने बच्चे ड्रॉपआउट हैं, उनका परसेंटेज़ कितना है। सारे हिन्दुस्तान के बच्चों को शिक्षा देने के बारे में गवर्नमेंट सोचती है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में जो खानाबदोश हैं, जो एक जगह से दूसरी जगह पर जाते हैं, उनके बच्चों का क्या होगा, जिनका न घर है, न बार है, आज यहां, कल वहां, परसों वहां, हिन्दुस्तान में ऐसी जगह बहुत सी फेमिलीज़ हैं, जिनको सदियों से न घर मिला, न रहने को जगह मिली, न स्कूल मिला। आप देखोगे, हम जब जी.टी. रोड़ पर जाते हैं वहां ढाबों पर बच्चे काम करते हुए मिलते हैं। वे बच्चे होटलों पर, ढाबों पर बर्तन साफ करते हैं। फैक्टरियों में चले जाओ तो वहां भी बच्चे काम करते हुए दिखाई देंगे। घरों में भी छोटे-छोटे बच्चे सर्वेंट बनाकर रखे हुए हैं। सरकार करना चाहती है, उसकी नीयत ठीक है, करने की जरूरत भी है। लेकिन इन लोगों के बारे में सोचो, जिन्होंने सदियों से स्कूल का मुंह नहीं देखा। जो आदिवासी लोग हैं, उनकी वहां पर क्या हालत है, उनके बच्चे भूखे-नंगे फिरते हैं। वहां उनके लिए स्कूल है, बिल्डिंग है, परन्तु वहां अध्यापक नहीं है। टीचर्स की मेन्टेलिटी यह है कि वे गांवों के स्कूलों में जाना नहीं चाहते।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): आपका टाइम पूरा हो चुका है, अब समाप्त करें।

श्री शमशेर सिंह ढुलो: सर, अभी तो मैंने शुरू ही किया है।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): आपकी पार्टी के और लोग भी बोलने वाले हैं।

श्री शमशेर सिंह ढुलो: सर, सोशल चेंज लाने के लिए, इक्वेलिटी लाने के लिए तथा इसको इम्प्लीमेंट करने के लिए तीन चीजें बहुत जरूरी हैं। एक तो यह कि अच्छे टीचर्स होने चाहिए और उनको अच्छी तनख्वाह मिलनी चाहिए। उनके रिक्रूटमेंट का तरीका भी अच्छा होना चाहिए, उनको बैटर ट्रेनिंग देनी चाहिए, मॉनिटरिंग का सिस्टम भी होना चाहिए, ड्रॉपआउट के बारे में भी देखना चाहिए। इसमें स्टेट वाले 40 परसेंट देते हैं। जो चाइल्ड लेबर है, उनकी ओर भी ध्यान देना चाहिए। जो बच्चे फैक्टरियों में काम करते हैं, उनको देखने का काम लेबर मिनिस्ट्री का है कि उनको वहां से निकालें। वहां बच्चे इसलिए काम करते हैं कि वे मां-बाप का सहारा बनते हैं। कोई मां-बाप यह नहीं चाहता कि मेरे बच्चे स्कूल न जाएं। परन्तु उनके पास बच्चों को स्कूल भेजने के लिए साधन नहीं हैं। सर, देश को आज़ाद हुए 70 साल हो गए हैं, लेकिन अभी भी इतनी गरीबी है, इतने लोग बिलो पॉवर्टी

[श्री शमशेर सिंह ढुलो]

लाइन में हैं कि गरीबी को दूर नहीं किया जा सका, अमीर आदमी अमीर होता जा रहा है, यहां डिस्पैरिटी है। आप कहते हैं कि हम समाज को एक करना चाहते हैं। समाज एक कैसे हो जाएगा? आप एजुकेशन को नेशनलाइज करो। ये स्कूल जो बिजनेस सेंटर हैं, उनके मुताबिक ही प्राइमरी स्कूल, सरकारी स्कूल होने चाहिए।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): आप कन्क्लूड करिए।

श्री शमशेर सिंह ढुलो: तीसरी बात, स्कूलों में कास्ट सिस्टम पर डिस्क्रिमिनेशन होता है, हर जगह डिस्क्रिमिनेशन हो रहा है, स्कूलों में हो रहा है और दूसरे इंस्टीट्यूशंस में हो रहा है, कॉलेजेज में हो रहा है। इससे गरीब लोगों का मनोबल गिरता है। कोई जमाना था जब शैड्यूल्ड कास्ट के लोगों को पढ़ने के लिए स्कूल से बाहर बिठाया जाता था। अब तो वे लोग अंदर बैठकर पढ़ते हैं, लेकिन जो डिस्क्रिमिनेशन है, इसको दूर करना चाहिए और जो एजुकेशन स्कीम है, इसको लागू करने की जरूरत है। जो nomadic tribes हैं ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): अब आप समाप्त कीजिए, आपका बहुत ज्यादा टाइम हो गया है।

श्री शमशेर सिंह ढुलो: ऐसे लोग हैं, ऐसी कम्युनिटीज़ हैं..

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): आप समाप्त करिए।

श्री शमशेर सिंह ढुलो: ठीक है, जो डेटा है, यह गलत डेटा है। आप एजुकेशन सिस्टम को सुधारिए अथवा एक पॉलिसी बनाइए। सरकारी स्कूलों पर से गरीबों का विश्वास उठ गया है, इस विश्वास को दोबारा से बनाइए। आप जो राइट टू एजुकेशन की या कम्पलसरी एजुकेशन की बात करते हैं, यह तभी पूरी होगी, जब लोगों के मन में विश्वास हो और वे सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेजें। इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे (महाराष्ट्र): आदरणीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं इस बिल का समर्थन तो कर ही रहा हूं, मगर मैं यह सोचता रहा कि यह बिल लाने की नौबत क्यों आयी। उसका एक इतिहास भी है और जिसकी पहले इस सदन में कई सदस्यों ने चर्चा भी की है, सब लोग जानते भी हैं। मगर दोहराना भी जरूरी होता है क्योंकि हमारे देश में विचारधाराओं का और विशेष रूप से विचार-सूत्रों का एक दौर चलता आया है। जब पंडित जवाहरलाल नेहरू हमारे प्रधान मंत्री थे, तब Nehruvian socialism की बड़ी चर्चा चलती थी और socialism के होते हुए कई सारे नियंत्रण पर आधारित अर्थ-व्यवस्था को भी हमने स्वीकार किया था। हम जानते हैं कि कैसी controlled economy उस समय में थी। बाद में बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ, तो एक राष्ट्रीयकरण का दौर आया, वह भी एक दृष्टि से नियंत्रण ही था। उसके बाद श्रीमान् नरसिम्हा राव जी हमारे प्रधान मंत्री बने, तो उन्होंने liberalisation, privatising की चर्चा शुरू की और हमने देखा कि वह भी एक तंत्र हमारी अर्थ-व्यवस्था में, समाज व्यवस्था में भी चला। बाद में United Progressive Alliance की सरकार 2004 में आई, तब उसने सोचा कि कौन-सा नया जुमला आगे चलायें, जिसके आधार पर ...(**व्यवधान**)... जिसके आधार पर एक

लोक-लुभावन राजनीति कर पाएं। ...(**व्यवधान**)... उपसभाध्यक्ष जी, लोक-लुभावन राजनीति का इनका जो पैमाना था, वह था कि हम एक right based approach लेते हैं, अधिकारों पर आधारित एक व्यवस्था का निर्माण करेंगे। यह देखने में और सुनने में तो अच्छा लगता है, देश का जो गरीब आदमी है, उसको लगता है कि चलो मुझे राइट मिलेगा, अधिकार मिलेगा। इसलिए इन्होंने एक फूड सिक्योरिटी ऐक्ट बनाया। यह बड़ी अच्छी बात है, पता नहीं कि उस ऐक्ट के कारण कितनी फूड सिक्योरिटी आई? अगर आई है, तो कितनी आई है, नहीं आई है, तो क्यों नहीं आई है? फिर इन्होंने राइट टू एजुकेशन को आगे बढ़ाया। यह अच्छा है, इसका कौन विरोध करेगा? मगर क्या केवल राइट देने से राइट मिलता है, इसके बारे में इन्होंने कभी सोचा ही नहीं, क्योंकि मूल गंतव्य स्थान जो था, वहां जाने का इरादा तो था ही नहीं। राइट टू एजुकेशन के कारण शिक्षा का सार्वत्रीकरण हो, यह इनकी सोच थी, यह बताते हैं। मैं परिणामों को गिनूंगा, तब सबके ध्यान में आएगा कि इसके परिणाम क्या हुए? हम इसके विरोध में नहीं हैं। हम राइट टू एजुकेशन के विरोध में नहीं हैं। मगर अंधे तरीके से, अगर आप किसी एक विचार सूत्र का आधार लेकर आगे बढ़ते हैं, तो क्या होता है, इसके अनगिनत उदाहरण मिलते हैं। मैं तो अचरज में था, इनकी सरकार थोड़ी सी भी ज्यादा चलती थी, लेकिन इसकी संभावना तो थी नहीं। ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती जया बच्चन (उत्तर प्रदेश): आप इनकी-इनकी सरकार कह रहे हैं। इधर तो हम लोग हैं। वे तो उधर बैठे हैं। आप उनको बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे: मैडम जी, आप तो साथ में ही हैं। ...(**व्यवधान**)... चलिए, आप छोड़ दीजिए। इतना मन पर मत लीजिए। मेरे कहने का तात्पर्य यह था कि अगर हमारे कांग्रेस के और United Progressive Alliance के सदस्यों की सरकार थोड़ी और अधिक चलती, तो शायद ये एक right to have a smiling face भी ला सकते थे, स्मित हास्य करने का अधिकार। ...(**व्यवधान**)... अब स्मित हास्य करने का अधिकार देने की कोई जरूरत नहीं होती, आपके चेहरे पर हंसी खिलनी चाहिए, वह तब आती है, जब आप ऐसी परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। परिस्थिति का निर्माण करना इनके बस की बात थी नहीं, इनका इरादा भी नहीं था। ...(**व्यवधान**)... इन्होंने महज राइट का एक जुमला लगाया और राइट टू एजुकेशन दे दिया - बगैर किसी पूर्व तैयारी के। ...(**व्यवधान**)...

श्री नीरज शेखर (उत्तर प्रदेश): आपने उसका विरोध क्यों नहीं किया? ...(**व्यवधान**)... अब आप विरोध कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... हमारा विरोध बिल्कुल नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे: हमारी पूर्व तैयारी थी। ...(**व्यवधान**)... नीरज जी, आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... मेरे कहने का मतलब यह है कि ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): आप सब्जेक्ट पर आ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे: उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारा कहना इतना ही है कि बगैर पूर्व तैयारीके किसी कानून को लाया जाता है, तो उसका जो होता है ...(**व्यवधान**)...

श्रीमती विप्लव ठाकुर (हिमाचल प्रदेश): आपने बगैर पूर्व तैयारी के नोटबंदी कर दी। ...(**व्यवधान**)...

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धेः मैडम, हम आपको बहुत सुनते हैं, प्लीज़ ...(**व्यवधान**)... आप ज़रा बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... Try to learn the art of listening. ...*(Interruptions)*...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): आप बोलते जाइए।

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धेः आप उनको बताइए। ...(**व्यवधान**)... उपसभाध्यक्ष जी, उन्हें बताइए कि patience से सुनना भी एक कला होती है।

मेरे कहने का तात्पर्य यह था कि बगैर पूर्व-तैयारी आप कानून लाए, जिस के कारण आज यह नौबत आ गई कि इस कानून में हमें संशोधन करना पड़ा। अगर ये उसी समय envisage करते तो अच्छा होता। मंत्री जी, अगर इस बारे में कुछ प्रकाश डालेंगे, तो अच्छा होगा कि यह calculation किस आधार पर किया गया था कि 2015 तक यह सब होगा? क्या हमारे पास इतने trainers थे, क्या इतने शिक्षक हमारे पास थे? उस समय के किस अधिकारी या कौन से मंत्री ने यह चाल चली थी और इस तरह का आकलन किया था और अगर उस में दोष है, तो उसके लिए कौन जिम्मेदार है? आज सदन का समय हम इस कानून को बदलने के लिए लगा रहे हैं, यह समय हम क्यों गंवा रहे हैं? क्यों इस पर हमारे समय की लागत लग रही है? महोदय, इस का कारण lack of foresight था यानी दूरदृष्टि का अभाव था और उस वजह से यह परिस्थिति निर्मित हुई है। इस बात को हमारे विपक्ष के मित्रों को स्वीकार करना चाहिए।

मान्यवर, मैं केवल तीन-चार बातें कहना चाहूंगा। यह जो shortage of trained teachers है, इसके पीछे भी अनेक कारण हैं। महोदय, UNESCO के Institute of Statistics की दो साल पहले एक रिपोर्ट आयी है कि दुनियाभर के 74 देशों में शिक्षकों की कमी है और इस में पहला नंबर नाइजीरिया का और दूसरा भारत का है और अगर यह आज की स्थिति के हिसाब से चलता रहा, तो 2030 तक हमें 30 लाख शिक्षकों की कमी महसूस करनी होगी। यह एक बहुत ही डरावना चित्र है, जोकि एक अध्ययन के आधार पर हमारे सामने प्रस्तुत हुआ है। अब सवाल यह है कि शिक्षकों की कमी क्यों होती है? इस के दो-चार महत्वपूर्ण बिंदू हैं। क्या हम बी.एड. और डी.एड. के लिए ऐसे छात्रों को आकर्षित करने में बहुत ज्यादा सफल नहीं हो रहे हैं, जिनका कि शिक्षक के पेशे में मन है? क्या बी.एड. या डी.एड. के लिए आने वाले छात्र बीच में dropout हो जाते हैं? क्या ट्रेनिंग करने के बाद और शिक्षक की नौकरी संभालने के बाद भी उनकी निगाहें और कहीं टिकी हुई होती हैं? क्या ऐसा होता है कि उन्हें जाना तो कहीं और होता है, बीच में एक पड़ाव के रूप में शिक्षक की नौकरी कर ली और जितना किया, ठीक है, नहीं तो आगे ही निकलना है? इस तरह के बहुत से सवाल उत्पन्न होते हैं, जिन के कारण शिक्षक का पेशा या vocation of teaching, यह जितना attractive होना चाहिए, ताकि किसी को यह लगना चाहिए कि मैं भी शिक्षक बनूं, उस में हमारी सारी व्यवस्था में दशकों से कुछ-न-कुछ कमियां रहती आयी हैं। मैं मानता हूं कि इस विषय में भी कुछ विचार किए जाने की जरूरत है।

महोदय, जो विषय मैंने शुरू में छेड़ा, उस के बारे में दो-तीन बातें कहना चाहता हूं। हम Right to Education लाए, उसका कभी-न-कभी मूल्यांकन करना भी जरूरी होता है। मैं मानता हूं कि आज यह समय है। आज 13,000 स्कूल्स बंद किए जाने की स्थिति में हैं क्योंकि इस कानून ने अनौपचारिक शिक्षा को एक दृष्टि से गैर-कानूनी शिक्षा माना। महोदय, हमारे देश में अनौपचारिक शिक्षा चलती थी। हमारे देश में ईंट-भट्टे पर काम करने वाले मजदूरों के बच्चे ऐसे informal schools में पढ़ते थे। मैं महाराष्ट्र से आता हूं। हमारे यहां गन्ना किसान या गन्ना कटाई करने वाले मजदूरों के बच्चे भी informal schools में

पढ़ते थे। उन्हें हम "शक्कर विद्यालय" कहते थे, लेकिन आज वे विद्यालय बंद करने पड़े क्योंकि इस कानून के अंदर उन स्कूलों को कोई मान्यता नहीं है। महोदय, और भी प्रावधान हैं, जैसे इन्होंने School Management Committee बनायी। वह कल्पना अच्छी है, मगर School Management Committee में आने वाले अभिभावक क्या उस मानसिकता को रखते हैं? क्या वे वाकई में manage कर पाते हैं या उन्हीं को कोई शिक्षक या मुख्य अध्यापक hoodwink करता है? मैं मानता हूं कि इन सारी स्थितियों के बारे में भी चिंतन करने की जरूरत थी, जो उस समय नहीं किया गया।

महोदय, इस में minority और majority का विवाद चलाया गया है। वह यह है कि इस कानून के जो भी प्रावधान हैं, minorities को उनसे छूट दी गयी है। इसके कारण हर दृष्टि से एक प्रवाह का निर्माण हुआ है और हर कोई अपने को minority कहने लगा है और फिर इस में कोर्ट को कहना पड़ा कि Lingusitic minorities को हम इस के लिए इजाज़त नहीं दे सकते। इस तरह यह कुल मिलाकर बगैर कोई homework और बगैर foresight, एक लोक-लुभावन भावना से प्रेरित होकर लाया गया कानून था। महोदय, यह कानून तो अच्छा था, मगर जो उसमें कमियां थीं, उन कमियों को दूर करने की चिंता पुरानी सरकार ने नहीं की। आज उनका काम हमारी सरकार को बड़ी शिद्दत से करना पड़ रहा है, इसके लिए मैं शिक्षा मंत्री जी का अभिनन्दन करता हूं।

महोदय, मैं केवल एक अंतिम विषय बोलकर अपनी बात समाप्त करूंगा। महोदय, अंतिम विषय यह है कि कुल मिलाकर हमारे देश में शिक्षा के क्षेत्र में गुरू-शिष्य के संबंधों के बारे में एक बहुत स्वस्थ परम्परा सदियों से चली आ रही है। हमने अपने यहां गुरु-शिष्य संबंधों पर बल दिया है, 'Teacher and taught relationship' आज अगर विदेश में, अमरीका में, ब्रिटेन में कहीं स्कूली व्यवस्था चरमरा सी गई है, तो उसका कारण है कि वहां पर 'Teacher-taught relationship' जितना स्वस्थ होना चाहिए, वह वहां नहीं है। मैं मानता हूं कि इसके लिए एक टीचर की भी mentoring होना जरूरी है। टीचर को स्वयं एक mentor होने की आवश्यकता है और टीचर के लिए भी एक mentorship की आवश्यकता है, जो आज के इस कानून के परिवेश में शायद होना बड़ा मुश्किल सा हो गया है, इसलिए मैं मानता हूं कि इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

मैंने एक महत्वपूर्ण बिन्दू कहा है कि जो informailty है, हमारे प्रधान मंत्री जी गुजरात में मुख्य मंत्री थे, तब उन्होंने गुजरात में शिक्षा का एक अभियान चलाया था कि हर कोई शिक्षक दिवस पर या किसी एक दिन स्कूल में जाए और एक किताब पढ़ाए, तो एक पढ़ने का culture बने। हम भी देखते हैं कि बहुत सारे लोग यह अपेक्षा करते हैं कि उनको भी पढ़ाने का एक छोटा सा अवसर मिले। ऐसे कई लोग पढ़ाने की प्रक्रिया से जुड़ना चाहते हैं मगर कानून जिस पद्धति से बनाया गया है, यह जो informality है, अनौपचारिकता है, मैं मानता हूं कि उस पर एक कुठाराघात है, जाने-अनजाने में ही सही, मगर बगैर सोच के कारण इस कानून के माध्यम से हुआ है, मैं मानता हूं कि हमें इससे निजात पाना बहुत आवश्यक है।

महोदय, आखिरकार शिक्षक और छात्रों के संबंध और उन संबंधों की ताकत पर ज्ञानार्जन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना, हमारे देश की शिक्षा व्यवस्था का यह केन्द्र बिन्दू रहा है। हम जानते हैं कि कबीर के भजन को बेगम आबिदा परवीन ने गाया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि "साहिब मिले सबूरी में मन लाग्यो मेरो यार फकीरी में।" मतलब साहिब यानी जो mentor है, भगवान होगा, कोई और होगा अथवा शिक्षक भी होगा, जब वह सबूरी में मिलता है, केवल clock hours के हिसाब से नहीं, जब वह सबूरी से मिलता है, जब interaction बढ़ता है, जब एक रिश्ता निर्मित होता है, जब mentorship

[डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे]

खिलती है, तब जाकर छात्र और शिक्षक संबंधों के आधार पर सच्ची ज्ञानार्जन की प्रक्रिया आगे बढ़ती है। मैं मानता हूं कि आगे चलकर कानून में इसकी समीक्षा हो। इसमें जो भी कमियां लाई गई थीं, उनके कारण उस समय इसमें लोक-लुभावन और सभी चीज़ों का एक प्रभाव था, उनको क्रमशः हम दूर करने की कोशिश करें, मगर शुरू में निश्चित रूप से यह करना आवश्यक था। माननीय शिक्षा मंत्री ने सही दिशा में एक आवश्यक कदम उठाया है, मैं इसका समर्थन करता हूं और शिक्षा मंत्री जी का अभिनन्दन करता हूं।

श्री जावेद अली खान (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मानव संसाधन विकास मंत्री जी ने यह बिल पेश किया है, मैं समझता हूं कि उन्होंने बहुत ही सीमित उद्देश्य के साथ पेश किया है। इसकी भावना भी अच्छी है और इससे ना-इत्तेफाकी रखने का तो कोई प्रश्न ही नहीं है तथा इस बिल का जो उद्देश्य है, आज उसकी आवश्यकता भी है। मैं समझता हूं कि हम सबको इस बिल का समर्थन करना चाहिए। मेरे ख्याल से इस बिल पर अपनी बात रखते हुए, किसी को कोई राजनीति से प्रेरित वक्तव्य देने की आवश्यकता नहीं है, जैसे कि अभी मेरे पूर्व वक्ता ने दिया है। जो काम अच्छा है, वह अच्छा है। आज अगर मंत्री जी ने यह विधेयक प्रस्तुत किया है, तो उन्होंने यह एक अच्छा काम किया है। यदि मैं कहूं कि दो साल के अंदर भी तमाम गैर-प्रशिक्षित अध्यापकों को प्रशिक्षण नहीं दे पाओगे या जो infrastructure अभी मंत्री जी ने इस बिल की प्रस्तावना रखते हुए बताया है, तो मैं कहूं कि वह infrastructure ना-काफी है...। यह कहना कि यह और विकसित होना चाहिए, और वृहद् होना चाहिए, राजनीति से प्रेरित वक्तव्य होगा। मैं समझता हूं कि उसकी कोई आवश्यकता नहीं है और हम सभी को इस बिल का समर्थन करना चाहिए। मैं यहाँ पर अपनी पार्टी की तरफ से इसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। हमारे देश की बदकिस्मती कहिए या परिस्थितियाँ कहिए कि आज शिक्षा का, खास तौर से प्राथमिक शिक्षा का जो हाल है, उस पर सिवाय आँसू टपकाने के मुझे और कोई दूसरा रास्ता नज़र नहीं आता है। इसके लिए जो प्रयास किए जाते हैं, वे प्रयास कोई भी करे, हमें उन प्रयासों की सराहना करनी चाहिए, उनका स्वागत करना चाहिए। प्राथमिक शिक्षा की जो स्थिति है, मैं उस पर यही कहूंगा कि हम इस बिल का सही उद्देश्य तभी प्राप्त कर सकते हैं, जब प्राथमिक शिक्षा का और ज्यादा बेहतर करें, देश के हर बच्चे को प्राथमिक शिक्षा, गुणवत्तापूर्वक शिक्षा दे सकें, जिसके अंदर क्वालिटी हो, जिसे हम क्वालिटी एजुकेशन कहते हैं, उस प्रकार की शिक्षा बच्चों को दे सकें।

उपसभाध्यक्ष जी, हमें इसके लिए कई काम करने होंगे। हमें सबसे पहला काम तो यह करना होगा कि हम यह समझें कि अध्यापक को हम अध्यापक समझते हैं या हमने उसे हर मर्ज़ की दवा बना रखा है? प्राथमिक शिक्षा में जो अध्यापक लगे हुए हैं, जो अध्यापक अध्यापन कार्य कर रहे हैं, आज उनके पास कितने काम हैं? वोट बनाने से लेकर वोट गिनवाना और वोट डलवाना भी उनका काम है।

सरकार ने आधार कार्ड से लिंक करने का एक अभियान हमारे यहाँ चलाया हुआ है। यह अभियान अच्छा है, गलत है या बुरा है, वह बहस का अलग मुद्दा है, लेकिन उस अभियान में, उत्तर प्रदेश के अंदर हमारे शिक्षक लगे हुए हैं। राशन कार्डों की कहूं, तो अब आने वाले दिनों में राशन नहीं दिया जायेगा, बल्कि बतौर सब्सिडी व्यक्ति के खाते में सीधे धन पहुंचा दिया जाएगा। लिहाजा राशन कार्ड को लिंक करने का काम भी चल रहा है। उत्तर प्रदेश में, सरकार ने अभी पिछले दो महीने पहले ही यह आदेश दिया है कि इस काम में भी शिक्षकों को लगाओ। जब जनगणना होती है, तब उसमें शिक्षक लगते हैं, पशुगणना होती है, तब उसमें शिक्षकों को लगाया जाता है। पढ़ाने के कार्य, अध्यापन

कार्य के अलावा करीब तीस, पैंतीस कार्य ऐसे हैं, जिनमें प्राथमिक शिक्षकों को लगाया जाता है। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि अगर हम इस प्रकार से शिक्षकों की जिम्मेदारी तय करेंगे कि वे पढ़ाई के लिए कम वक्त देंगे और बाकी कामों में ज्यादा वक्त देंगे, तो शाय हम प्राथमिक शिक्षा के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं। इसके कारण सबको शिक्षा देने का, हर बच्चे को शिक्षित करने का हमारा जो लक्ष्य है, उसको पाने में हम निश्चित रूप से पिछड़ जाएंगे, इसलिए शिक्षकों पर जो अतिरिक्त भार है, उस अतिरिक्त भार को काम करना चाहिए और उन्हें एक्सक्लुसिवली पढ़ाई के काम में ही लगाना चाहिए।

मैं दूसरी बात यह कहना चाहता हूं कि जिस उद्देश्य के साथ यह बिल लाया गया है, वह फलीभूत होना चाहिए! ग़ैर प्रशिक्षित शिक्षकों को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से – अभी उत्तर प्रदेश के बारे में आप लोगों ने अखबारों में पढ़ा होगा, मीडिया के जरिये भी आप लोगों तक, सदन के सभी साथियों तक और सदन के सभाध्यक्ष जी तक खबरें पहुंची होंगी कि आज उत्तर प्रदेश एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहाँ पिछले 18, 19 सालों से विद्यालयों में जो लोग शिक्षा मित्र की हैसियत से पढ़ा रहे थे, अध्यापक कार्य को अंजाम दे रहे थे, जिन्हें 2014 में, उत्तर प्रदेश की सरकार ने पूर्व शिक्षक का दर्जा दिया था, जिनकी संख्या कम नहीं है, जिनकी संख्या 1,72,000 है, सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश से ये 1,72,000 प्राथमिक शिक्षक आज उत्तर प्रदेश की सड़कों पर हैं। आंदोलन चल रहा है। वे कहते हैं कि हमने बीस साल पढ़ाया है और जो अनट्रेंड टीचर्स को ट्रेंड करने की सरकार की नीति है, उसके तहत उन सभी शिक्षा-मित्रों को, जिनकी संख्या एक लाख बहत्तर हजार है, उनके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने जो बीटीसी की ट्रेनिंग का इंतजाम किया था, उससे उनको बीटीसी करवाया, यानी वे ट्रेंड हो गए और फिर बतौर शिक्षक उनका समायोजन किया गया था। पिछले तीन सालों से ये पूरे तरीके से विद्यालयों में पढ़ा रहे थे।

महोदय, उत्तर प्रदेश में जब ये शिक्षा-मित्र नहीं थे, तब उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 60 प्रतिशत विद्यालय बगैर शिक्षकों के थे। बहुत से विद्यालयों पर ताले लगे हुए थे, गांव में शिक्षा का कोई माहौल नहीं था और जो मिड-डे मील जाता था, वह मिड-डे मील भी अधिकारियों में बंदरबांट हो जाता था, लेकिन जब उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव जी मुख्य मंत्री बने, तो उन्होंने प्राथमिकता के आधार पर शिक्षकों की इस समस्या को, इस मसले को, जो उनकी कमी थी, उसको लिया और शिक्षा-मित्रों की भर्ती की। माननीय मंत्री जी, मैं आपको बताना चाहता हूं कि चलते-फिरते लोगों को शिक्षा-मित्र नहीं बनाया गया था। अब जो उत्तर प्रदेश के अंदर सत्ताधारी लोग हैं, उन्होंने चुनाव-प्रचार के दौरान कहा कि इन्होंने अपने-अपने लोगों को शिक्षा-मित्र बनाकर नौकरी दे दी है और यह तो बहुत गलत किया है, जबकि शिक्षा-मित्र के लिए गांवों के अंदर जितने आवेदक थे, मेरिट के आधार पर इनका चयन हुआ था। जब वे सब शिक्षा-मित्र अध्यापक हो गए, तो जैसी हमारे देश की एक परंपरा सी चल गई है कि कोई भी अच्छा काम हो तो उसको चुनौती जरूर दे दो, तो कुछ लोग कोर्ट में चले गए। उन्होंने वहां कहा कि साहब, ये पढ़ा ही नहीं सकते, इन्हें पढ़ाने का अधिकार ही नहीं है। भारत सरकार का कोई नियम बन कर आया कि एक टेस्ट, टीईटी का टेस्ट, टीचर्स एलिजिबिलिटी का टेस्ट, उनको पास करना जरूरी है। शिक्षा-मित्र बीस साल पुराने लगे हुए हैं और यह टेस्ट का नियम अभी दो साल पहले बना है। उन सभी शिक्षा-मित्रों को उस नियम के तहत सुप्रीम कोर्ट ने अपना डिसीज़न दिया और उनको एक दिन के अंदर सड़क पर ला दिया। आज तक 23 शिक्षा-मित्र आत्महत्या कर चुके हैं और बाकी सब सड़कों पर रो रहे हैं, अपने बच्चों के साथ जगह-जगह जिला मुख्यालयों पर धरने पर बैठे हुए हैं। चूंकि शिक्षा अकेले राज्य का विषय नहीं है, शिक्षा का विषय समवर्ती सूची में आता है, इसलिए प्रदेश सरकार

[श्री जावेद अली खान]

का भी दायित्व बनता है और केन्द्र सरकार का भी दायित्व बनता है। मैं माननीय मंत्री जी से यह निवेदन करना चाहूंगा कि इस गंभीर मसले पर, जिस मसले को लेकर उत्तर प्रदेश के अंदर शिक्षा-मित्र दो-चार हो रहे हैं, उसमें हस्तक्षेप करें और उनके लिए रास्ता निकालें। आज हमारे उत्तर प्रदेश के अंदर बहुत से स्कूलों में अभी भी टीचर्स की कमी है, जिनको भरने का इंतजाम आप करें। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं पार्टी से ओनली वन स्पीकर हूँ।

† **جناب جاوید علی خان (اتّر پردیش) :** مانّنے اپ سبھا ادھیکش جی، مانو سنسادھن وکاس منتری جی نے جو یہ بل پیش کیا ہے، میں سمجھتا ہوں کہ انہوں نے بہت ہی سیمت ادّیشئے کے ساتھہ پیش کیا ہے۔ اس کی بھاونا بھی اچھی ہے اور اس سے نااتفاقی رکھنے کا تو کوئی سوال ہی نہیں ہے اور اس بل کا جو ادّیشئے ہے، آج اس کو ضرورت بھی ہے۔ میں سمجھتا ہوں کہ ہم سب کو اس بل کا سمرتھن کرنا چاہئے۔ میرے خیال سے اس بل پر اپنی بات رکھتے ہوئے، کسی کو کوئی راجنیتی سے پریرت وکتوّے دینے کی ضرورت نہیں ہے، جیسا کہ ابھی میرے پچھلے وکتا نے دیا ہے۔ جو کام اچھا ہے، وہ اچھا ہے۔ آج اگر منتری جی نے یہ ودھیک پیش کیا ہے، تو انہوں نے یہ ایک اچھا کام کیا ہے۔ اگر میں کہوں کہ دو سال کے اندر بھی تمام غیر-پرشکشت ادھیاپکوں کو پرشکشن نہیں دے پاؤگے یا جو انفرااسٹرکچر ابھی منتری جی نے اس بل کی پرستاونا رکھتے ہوئے بتایا، تو میں کہوں کہ وہ انفرااسٹرکچر نا کافی ہے۔ یہ کہنا کہ یہ اور وکست ہونا چاہئے، اور ورہد ہونا چاہئے، راجنیتی سے پریرت وکتوّے ہوگا۔ میں سمجھتا ہوں کہ اس کی کوئی ضرورت نہیں ہے اور ہم سبھی کو اس بل کا سمرتھن کرنا چاہئے۔ میں یہاں پر اپنی پارٹی کی طرف سے اس کا سمرتھن کرنے کے لئے کھڑا ہوا ہوں۔ ہمارے دیش کی بدقسمتی کہئے یا پرستتھیاں کہئے کہ آج شکشا کا، خاص طور سے پراتھمک شکشا کا جو حال ہے، اس پر سوائے آنسو ٹپکانے کے مجھے اور کوئی دوسرا راستہ نظر نہیں آتا ہے۔ اس کے لئے جو پریاس کئے جاتے ہیں، وہ پریاس کوئی بھی کرے، ہمیں ان پریاسوں کی سراہنا کرنی چاہئے، ان کا سواگت کرنا چاہئے۔ پراتھمک شکشا کی جو حالت ہے، میں اس پر یہی کہوں گا کہ ہم اس بل کا صحیح ادّیشئے تبھی حاصل کر سکتے ہیں، جب پراتھمک شکشا کو اور زیادہ بہتر کریں، دیش کے ہر بچے کو پراتھمک شکشا، گن-وتّا-پورن شکشا دے سکیں، جس کے اندر کوالٹی ہو، جسے ہم کوالٹی ایجوکیشن کہتے ہیں، اس طرح کی شکشا بچوں کو دے سکیں۔

اپ سبھا ادھیکش جی، ہمیں اس کے لئے کئی کام کرنے ہوں گے۔ ہمیں سب سے پہلا کام تو یہ کرنا ہوگا کہ ہم یہ سمجھیں کہ ادھیاپک کو ہم ادھیاپک سمجھتے ہیں یا ہم نے اسے ہر مرض کی دوا بنا رکھا ہے؟ پراتھمک شکشا میں جو ادھیاپک لگے ہوئے ہیں، جو

†Transliteration in Urdu script.

ادھیاپک، ادھیاپن کا کام کر رہے ہیں، آج ان کے پاس کتنے کام ہیں؟ ووٹ بنانے سے لے کے ووٹ گنوانا اور ووٹ ڈلوانا بھی ان کا کام ہے۔

سرکار نے آدھار کارڈ سے لنک کرنے کا ایک ابھیان ہمارے یہاں چلایا ہوا ہے۔ یہ ابھیان اچھا ہے، غلط ہے یا برا ہے، وہ بحث کا الگ مدّعا ہے، لیکن اس ابھیان میں، اتر پردیش کے اندر ہمارے شکشک لگے ہوئے ہیں۔ راشن کارڈوں کی کہوں، تو اب آنے والے دنوں میں راشن نہیں دیا جائے گا، بلکہ بطور سبسڈی آدمی کے کھاتے میں سیدھے دھن پہنچا دیا جائے گا۔ لہذا راش کارڈ کو لنک کرنے کا کام بھی چل رہا ہے۔ اتّر پردیش میں، سرکار نے ابھی پچھلے دو مہینے پہلے ہی یہ آدیش دیا ہے کہ اس کام میں بھی شکشکوں کو لگاؤ۔ جب جن۔گننا ہوتی ہے، تب اس میں شکشک لگتے ہیں، پشو۔گننا ہوتی ہے، تب اس میں شکشکوں کو لگایا جاتا ہے۔ پڑھانے کا کام، ادھیاپن کے کام کے علاوہ قریب تیس، پینتیس کام ایسے ہیں، جن میں پراتھمک شکشکوں کو لگا یا جاتا ہے۔

مانئے اپ سبھا ادھیکش جی، میں منتری جی سے یہ جاننا چاہتا ہوں کہ اگر ہم اس طرح سے شکشکوں کی ذمہ داری طے کریں گے کہ وہ پڑھائی کے لئے کم وقت دیں گے اور باقی کاموں میں زیادہ وقت دیں گے، تو شاید ہم پراتھمک شکشا کے ساتھ نیائے نہیں کر رہے ہیں۔ اس کی وجہ سے سب کو شکشا دینے کا، ہر بچے کو شکشت کرنے کا ہمارا جو لکشئے ہے، اس کو پانے میں ہم نشچت روپ سے پچھڑ جائیں گے، اس لئے شکشوں پر جو اضافی بوجھ ہے، اس اضافی بوجھ کو کم کرنا چاہیئے اور انہیں ایکسکلوسئیولی پڑھائی کےکام میں ہی لگانا چاہیئے۔

میں دوسری بات یہ کہنا چاہتا ہوں کہ جس مقصد کے ساتھ یہ بل لایا گیا ہے، وہ فلیبھوت ہونا چاہیئے۔ غیر تربیت یافتہ اساتذہ کو تربیت دینے کے مقصد سے۔ ابھی اترپردیش کے بارے میں آپ لوگوں نے اخباروں میں پڑھا ہوگا، میڈیا کے ذریعہ بھی آپ لوگوں تک، سدن کے سبھی ساتھیوں تک اور سدن کے سبھا۔ادھیکش جی تک خبریں

[श्री जावेद अली खान]

پہنچی ہونگی کہ آج اترپردیش ایک ایسے دور سے گزر رہا ہے، جہاں پچھلے اٹھارہ انیس سالوں س اسکولوں میں جو لوگ شکشا متر کی حیثیت سے پڑھارہے ہیں، ادھیاپن کارنیے کو انجام دے رہے تھے، جنہیں 2014 میں، اترپردیش کی سرکار نے مکمل استاد کا درجہ دیا تھا، جن کی تعداد کم نہیں ہے، جن کی تعداد ہے ایک لاکھہ بہتّر ہزار ہے، سپریم کورٹ کے ایک آدیش سے یہ ایک لاکھہ بہتّر ہزار پراتھمک شِکشک آج اترپردیش کی سڑکوں پر ہیں۔

آندولن چل رہا ہے۔ وہ کہتے ہیں کہ ہم نے بیس سال پڑھایا ہے اور جو ان۔ٹرینڈ ٹیچرس کو ٹرینڈ کرنے کی سرکار کی نیتی ہے، اس کے تحت ان سبھی شکشا متروں کو، جن کی تعداد ایک لاکھہ بہتّر ہزار ہے، ان کے لئے اتر پردیش سرکار نے جو بی۔ٹی۔سی۔ کی ٹریننگ کا انتظام کیا تھا، اس سے ان کو بی۔ٹی۔سی۔ کروایا ہے، یعنی وہ ٹرینڈ ہو گئے ہیں اور پھر بطور شکشک ان کا سمایوجن کیا گیا تھا۔ پچھلے تین سالوں سے یہ پورے طریقے سے ودھیالیوں میں پڑھا رہے تھے۔

مہودے، اتّر پردیش میں جب یہ شکشا متر نہیں تھے، تب اتّر پردیش کے گرامین علاقوں میں قریب ساٹھہ فیصد ودھیالے بغیر شکشکوں کے تھے۔ بہت سے ودھیالیوں پر تالے لگے ہوئے تھے، گاؤں میں شکشا کا کوئی ماحول نہیں تھا اور جو مڈ۔ڈے میل جاتا تھا، وہ مڈ۔ڈے میل بھی ادھیکاریوں میں بندر بانٹ ہو جاتا تھا، لیکن جب اتر پردیش میں اکھیلیش یادو جی مکھیہ منتری بنے، تو انہوں نے پراتھمکتا کے آدھار پر شکشکوں کی اس سمسیہ کو، اس مسئلے کو، جو ان کمی تھی، اس کو لیا اور شکشا متروں کی بھرتی کی۔

مانئے منتری جی، میں آپ کو بتانا چاہتا ہوں کہ چلتے پھرتے لوگوں کو شکشا متر نہیں بنایا گیا تھا۔ اب جو اتر پردیش کے اندر ستّہ دھاری لوگ ہیں، انہوں نے چناؤ پرچار کے دوران کہا کہ انہوں نے اپنے اپنے لوگوں کو شکشا متر بناکر نوکری دے دی ہے اور

یہ تو بہت غلط کیا ہے، جب کہ شکشا متر کے لئے گاؤں کے اندر جتنے آویدک تھے، میرٹ کے آدھار پر ان کا چئن ہوا تھا. جب وہ سب شکشا متر ادھیاپک ہو گئے، تو جیسے ہمارے دیش کی ایک پرمپرا سی چل گئی ہے کہ کوئی بھی اچھا کام ہو تو اس کو چنوتی ضرور دے دو، تو کچھ لوگ کورٹ میں چلے گئے. انہوں نے وہاں کہا کہ صاحب، یہ پڑھا ہی نہیں سکتے، انہیں پڑھانے کا ادھیکار ہی نہیں ہے. بھارت سرکار کا کوئی قانون بن کر آیا کہ ایک اسٹیٹ، ٹی.ای.ٹی. کا ٹیسٹ، ٹیچرس ایلجبلٹی ٹیسٹ، اس کو پاس کرنا ضروری ہے. شکشا متر بیس سال پرانے لگے ہونے ہیں اور یہ ٹیسٹ کا قانون ابھی دو سال پہلے بنا ہے. ان سبھی شکشا مترون کو اس قانون کے تحت سپریم کورٹ نے اپنا ڈسیزن دیا اور ان کو ایک دن کے اندر سڑک پر لا دیا. آج تک 23 شکشا متر خودکشی کر چکے ہیں وار باقی سب سڑکوں پر رو رہے ہیں، اپنے بچوں کے ساتھ جگہ جگہ ضلع مکھیالیوں پر دھرنے پر بیٹھے ہوئے ہیں. چونکہ شکشا اکیلے راجیہ کا وشئے نہیں ہے، شکشا کا وشئے سم-ورتی سوچی میں آتا ہے، اس لئے پردیش سرکار کا بھی دائتو بنتا ہے اور کیندر سرکار کا بھی دائتو بنتا ہے. میں مانئے منتری جی سے یہ نویدن کرنا چاہوں گا کہ اس گمبھیر مسئلے پر، جس مسئلے کو لے کر اتر پردیش کے اندر شکشا متر دو چار ہو رہے ہیں، اس میں ہستکشیپ کریں اور ان کے لئے کوئی راستہ نکالیں. آج ہمارے اتر پردیش کے اندر بہت سے اسکولوں میں ابھی بھی ٹیچرس کی کمی ہے، جن کو بھرنے کا انتظام آپ کریں ..(وقت کی گھنٹی)... سر، میں پارٹی سے اونلی-ون اسپیکر ہوں.

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता): आपकी पार्टी का जितना टाइम है, वह पूरा हो चुका है।

श्री जावेद अली खान: ठीक है, सर। वैसे भी मैं ज्यादा नहीं बोलूंगा। मैंने तो बिल का समर्थन कर दिया है, मुझे कोई राजनीति नहीं करनी है, पूरी शिक्षा-प्रणाली के दोष नहीं गिनाने हैं, न कोई तरह-तरह के बनावटी इल्जाम, मनगढंत इल्जाम लगाने हैं। मैंने इस बिल का समर्थन किया है और माननीय मंत्री जी से यह मांग की है कि उत्तर प्रदेश में शिक्षकों की कमी को ध्यान में रखते हुए वहां की जो पूर्व सरकार ने शिक्षा-मित्रों को लाकर राहत दी थी, सुविधा दी थी और उनको जो स्थान दिया था, शिक्षकों के रूप में जिनका समयोजन किया था, उस व्यवस्था को जारी रखने के लिए अगर अदालत के अंदर पक्ष भी बनना पड़े तो केन्द्र सरकार को पक्ष बनना चाहिए और अगर कोई नियम या कानून लाना हो, या उन शिक्षा-मित्रों को बहाल करवाने की दिशा में जो भी कदम उठाना पड़े, वह सरकार को उठाना चाहिए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

† **جناب جاوید علی خان :** ٹھیک ہے، سر۔ ویسے بھی میں زیادہ نہیں بولوں گا۔ میں نے تو بل کا سمرتھن کر دیا ہے۔ مجھے کوئی راجنیتی نہیں کرنی ہے، پوری شکشا پرنالی کے دوش نہیں گنانے ہیں، نہ کوئی طرح طرح کے بناوٹی الزام، من گھڑت الزام لگانے ہیں۔ میں نے اس بل کا سمرتھن کیا ہے اور مانّنے منتری جی سے یہ مانگ کی ہے کہ اتّر پردیش میں شکشکوں کی کمی کو دھیان میں رکھتے ہوئے وہاں کی جو سابق سرکار نے شکشا متروں کو لاکر راحت دی تھی، سویدھا دی تھی اور ان کو جو استھان دیا تھا، شکشکوں کے روپ میں جن کا سمایوجن کیا تھا، اس ویوستھا کو جاری رکھنے کے لئے اگر عدالت کے اندر پکش بھی بننا پڑے تو کیندر سرکار کو پکش بننا چاہئے اور اگر کوئی نیم یا قانون لانا ہو، یا ان شکشا متروں کو بحال کروانے کی دشا میں جو بھی قدم اٹھانا پڑے، وہ سرکار کو اٹھانا چاہئے۔ بہت بہت دھنیواد۔

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Next speaker is Mr. A.K. Selvaaraj.

SHRI A.K. SELVARAJ (Tamil Nadu): Respected Mr. Vice-Chairman, Sir, I thank you for allowing me to participate in the discussion on an important Bill concerning the future of the millions of students of our country. I am also happy to say that I am allowed to speak on a subject which is very close to the heart of our beloved leader, Dr. Puratchi Thalaivi Amma; and I dedicate this speech to my beloved leader, Dr. Amma.

†Transliteration in Urdu script.

The objectives of the Bill are to provide an opportunity to untrained and unqualified teachers to acquire minimum qualification. It is very pity to note that out of total number of 66.41 lakh teachers at the elementary level, 11 lakhs are still untrained. Better trained teachers would mean an improvement in the learning outcome of children. Quality improvement will not happen unless the foundation, principles, content, and pattern of pre and in-service training of teachers are relooked at and changed. It is said that just knowing a subject or being a graduate, is not sufficient qualification to become an elementary school teacher. One has to be trained in understanding the learning process of children, their diversity, and one has to develop necessary teaching skills under trained supervision.

